Crptomentor Publication

# क्रिप्टोकरेंसी का सम्पूर्ण ज्ञान





क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया में बिना सीखे कदम रखना ,
खुद के पैसे में आग लगाने जैसा है।

लेखक - अभिषेक कुशवाहा

# क्रिप्टोकरेंसी
# का
# सम्पूर्ण ज्ञान



क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया में कभी भी एक कॉइन में अपने पूरे पैसे न लगाए ये आपकी बहुत बड़ी गलती साबित हो सकती है।

**Author - Abhishek Kushwaha**

CrptoMentor
क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया

# लेखक के बारे में



नाम - अभिषेक कुशवाहा
Age - 21 वर्ष ( 12 जनवरी 2001 )
पढ़ाई - डिप्लोमा पूरी हुई
हॉबी - नई नई चीजे सीखना

मैंने बिहार से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है , पेशे से मैं एक सिविल इंजीनियर हूँ। क्रिप्टो करेंसी के बारे में मैं 2020 से ही सिख रहा हूँ ।

## My social media Handle

CrptoMentoR

@crptomentorofficial

crptomentor


crptomentor.com

# Summary

- ★ क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया
- ★ क्रिप्टोकरेंसी क्या है?
- ★ क्रिप्टोकरेंसी कब और क्यों बनाया गया?
- ★ बिटकॉइन > दुनिया की पहली क्रिप्टोकरेंसी
- ★ Cryptocurrency > Gambling है या Investing
- ★ क्रिप्टो करेंसी में कितना निवेश करना चाहिए?
- ★ ब्लॉकचैन क्या है?
- ★ क्या ब्लॉकचैन को हैक किया जा सकता है?
- ★ क्या विद्यार्थी को क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करना चाहिए?
- ★ भारत में क्रिप्टोकरेंसी का भविष्य कैसा है?
- ★ क्रिप्टो करेंसी में निवेश किस एक्सचेंज में करे ?
- ★ क्रिप्टो की महत्वपूर्ण शब्दजाल
- ★ 4000 करोड़ के दो पिज़्ज़ा के पीछे की कहानी
- ★ क्रिप्टोकरेंसी से कितना पैसा कमाया जाता है?
- ★ क्रिप्टो में ट्रेडिंग के लिए ये शब्द जरूर जान ले।
- ★ क्रिप्टोकरेंसी में फ्रॉड से कैसे बचें ?
- ★ किसी भी कॉइन की case study क्यों पढ़े?
- ★ भविष्य में किस टॉपिक पर Ebook आएंगे ?

# क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया

भारत में इस समय 10 करोड़ से ज्यादा लोग क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर रहे हैं , इसकी संख्या प्रति- दिन बढ़ती ही जा रही है ।  लेकिन यहाँ निवेशक सबसे बड़ी गलती ये कर रहे हैं कि बिना सीखे - समझे वो किसी भी कॉइन में अपना पूरा पैसा लगा दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर बहुत सारे फ्रॉड हो रहे हैं और लोग भी उनके जाल में काफी आसानी से फसते जा रहे हैं । इस समय क्रिप्टो की दुनिया में 10,000 से भी ज्यादा कॉइन है , इतने सारे कॉइन में सिर्फ 2 % ही निवेशक के लिए अच्छा माना जाता है।



इसमे से कई सारे कॉइन  scam होते हैं। देखिए क्रिप्टो करेंसी को दुनिया का कोई भी व्यक्ति बना सकता है , यही कारण है कि इसमें फ्रॉड लोगो की संख्या बहुत ही ज्यादा है।

CrptoMentor
क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया

ऐसा बिल्कुल भी नहीं है कि इसमें सिर्फ फ्रॉड ही होते हैं , यहाँ कई सारे लोग क्रिप्टो करेंसी के द्वारा ही करोड़पति बने हैं। हर साल कुछ ऐसे कॉइन मार्केट में आते हैं जो 100 × तक या इससे भी ज्यादा का प्रॉफिट देते हैं , लेकिन ऐसे कॉइन को लोग सही समय पर नही पहचान पाते हैं और जब वह बहुत ही अधिक मात्रा में प्रॉफिट दे जाता है तब लोग उसमे निवेश करना शुरु करते हैं। इस कोर्स में आपको ऐसे ढेर सारे कॉइन उदाहरण देने वाले हैं।

इस कोर्स को पूरा पढ़ने के बाद आप एक अलग इंसान बनकर निकलेंगे जो क्रिप्टो करेंसी को अलग नजरिये से देखेगा और मार्केंट के उतार - चढ़ाव में सही निर्णय लेने में सक्षम होगा ।

## MOTIVATION

अपनी फील्ड के इतने पक्के खिलाड़ी बन जाओ की आपको नीचे पटकने के लिए कोशिशें नही साजिशें करनी पड़े।

# क्रिप्टोकरेंसी क्या है ?

यह एक डिजिटल करेंसी है , इसे डिजिटल करेंसी इसलिए कहते हैं क्योंकि यह केवल online उपलब्ध है । बिना इंटरनेट का इसका कोई अस्तित्व नही है। इसका उपयोग वितीय लेन देन के लिए किया जाता है। क्रिप्टो को न हम छू सकते हैं नही देख सकते हैं । यह पूरी तरह Decentralized होता है , मतलब इसपर किसी भी देश , सरकार या बैंक का कोई अधिकार नहीं होता। इसी के कारण इनकी कीमत को कंट्रोल नही जा सकता है।



क्रिप्टोकरेंसी को हम सामान को खरीदने और बेचने के लिए किया जाता है जैसे हमारा रुपया, डॉलर आदि। इसकी कीमत में बहुत ही उतार- चढ़ाव देखने को मिलता है इसी के कारण लोग इसमे निवेश करते हैं। क्रिप्टो को हैक करना लगभग असंभव है, क्योंकि यह ब्लॉकचैन के द्वारा सुरक्षित है।



# क्रिप्टोकरेंसी कब और क्यों बनाया गया?

बात 2008 की है उस समय पूरी दुनिया में Financial crisis आया था, तब कई बड़े बड़े लोग दिवालिया हो गये थे , बैंको पर से भरोसा उठ गया था। तभी Oct 2008 को पूरी दुनिया में एक ईमेल वायरल होने लगा। जिसमे लिखा था- Bitcoin > Peer to Peer electronic system. यह pdf 9 पेज का था।

जिसका मतलब था की हम बिना बैंक की सहायता के कही भी पैसा भेज सकते हैं। ताकि हमारा पैसा <u>100%</u> सुरक्षित रहे।

EX - अगर राम को मोहन के पास 2000 रुपये भेजना है तो वो बिना बैंक की सहायता के मोहन को 2000 रुपये भेज सकता है।



**दोस्तो क्रिप्टो को बनाने का मकसद यही था कि लोग बिना बैंक की सहायता के पूरी दुनिया में कही भी बिटकॉइन के द्वारा अपने पैसे बहुत ही कम फी में भेज सकते हैं।**

CRPTOMENTOR.COM

# Bitcoin > दुनिया की पहली क्रिप्टोकरेंसी

Bitcoin  दुनिया की पहली क्रिप्टो करेंसी है जिसे 3 जनवरी 2009 को लांच किया गया था। उस समय इसकी कीमत 60 पैसे से भी कम थी । आज इस कॉइन की कीमत 36 लाख रुपये है । मतलब अगर आप 2009 में ही 100 रुपये का bitcoin खरीदे होते तो वो आज 60 करोड़ से भी ज्यादा हो गये होते।







अभी तक Bitcoin का All Time High 55 लाख रुपये तक गया है। यह ब्लॉकचैन के द्वारा सुरक्षित है। Bitcoin को बनाने वाले का नाम संतोषी नाकामोटो था , किसी को भी यह नही पता कि इसे बनाने वाला सिर्फ एक आदमी है या पूरा ग्रुप है।

**टोटल सप्लाई - 21 मिलियन**

**यह gold की तरह कम मात्रा में है ,इससे ज्यादा बिटकॉइन नही बनाया जा सकता है।**

CrptoMentor

क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया

# Cryptocurrency > Gambling है या Investing

क्रिप्टो को आज भी कई लोग gambling यानी सट्टा समझते हैं, तो वही कुछ इसे अच्छा निवेश मानते है। अब बात ये है कि इन दोनों में से सही कौन हैं क्या सच क्रिप्टो एक सट्टा है ? चलिए समझते हैं - आसान भाषा में ।



ये दोनों लोग सही है मतलब जो क्रिप्टो करेंसी को सट्टा समझते हैं वो भी सही है और जो अच्छा निवेश मानते हैं वो भी सही है।

आपको जानकर हैरानी होगी कि लोग अनजाने में ही क्रिप्टो में सट्टेबाजी करते हैं और खुद को निवेशक समझते हैं । क्योंकि वो बिना रिसर्च किये , बिना सीखे , सोशल मीडिया से टिप लेकर उसमें अपने पैसे लगाते है । निवेशक वो होता है जो मार्केट की स्तिथि को समझकर , खुद रिसर्च कर अपने रिस्क पे पैसा निवेश करते हैं। ------------------------------

# क्रिप्टोकरेंसी में कितना निवेश करना चाहिए?

---

इस सवाल का जवाब हर किसी के लिए अलग-अलग हो सकता है क्योंकि हर व्यक्ति की जोखिम उठाने की क्षमता अलग होती है।






कोई व्यक्ति नौकरी करता है तो कोई बिज़नेस करता है तो कोई अभी पढ़ाई में व्यस्त है। क्रिप्टोकरेंसी में आपको उतना ही निवेश करना चाहिए जितना आप खोने को तैयार हो और जरूरत से ज्यादा पैसा तो भूलकर भी न लगाए इससे आप बहुत बड़ी मुसीबत में फस सकते हैं। लोन लेकर तो भूलकर भी निवेश न करें। -----------------------------------

क्रिप्टो एक्सपर्ट बोलते हैं कि आप अपनी कमाई या जमापूंजी का 5 - 10 % जरूर लगाए और बाद में समय के अनुसार आप इसे बढ़ा भी सकते हैं -----------------------------

# ब्लॉकचैन क्या है?

अगर आपको किसी के पास पैसे भेजना है तो आपको एक बिचौलिये की जरूरत पड़ती है जिसे हम बैंक कहते हैं। क्या ऐसा हो सकता है कि हम बिना बिचौलिये के दुनिया में किसी को भी पैसे भेज सकते हैं। जी हाँ ये संभव है। इसे हम ब्लॉकचैन के द्वारा कर सकते हैं।








ब्लॉकचैन एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जो हजारो लाखो कम्प्यूटरों द्वारा प्रतिलिपित है। ब्लॉकचैन का हर एक कंप्यूटर इसके पूरे इतिहास का रिकॉर्ड रखता है।अगर इनमे से कुछ कंप्यूटर खराब भी हो जाए तो यह ठीक तरीके से काम करता रहता है। इसमे सभी डेटाबेस को गुप्त तरीके से रखा गया है। यह एक सार्वजनिक बही खाता है । जिसमे कोई नए transaction या समझौते को रिकॉर्ड करने के लिए कई सारे साझेदारों की स्वीकृति की जरूरत होती है।

# क्या ब्लॉकचैन को हैक किया जा सकता है?

नही ये लगभग असंभव है , क्योंकि हैकर को एक ही समय में ब्लॉकचैन से जुड़े हर एक कंप्यूटर को हैक करना होगा जो लगभग नामुकिम सा है ,इसीलिए इसे बहुत ही सुरक्षित माना जाता है।






दुनिया में कही भी जब ब्लॉकचैन के द्वारा transaction किया जाता है तो उसे हर एक कंप्यूटर में जोड़ दिया जाता है और आप इसे 100 साल बाद भी आराम से देख सकते हैं।


**MOTIVATION**

**लोहे को कोई खराब नही कर सकता पर उसका खुद का जंग उसे खराब कर देता है, इसी तरह इंसान को कोई बर्बाद नही करता उसे खुद का दिमाग बर्बाद करता है।**

# क्या विद्यार्थी को क्रिप्टो में निवेश करना चाहिए?

---

100% निवेश करना चाहिए क्योंकि विद्यार्थी के पास न तो पैसा ज्यादा होता है और न ही ज्यादा समय , अगर वो कुछ पैसा खो देगा भी तो कुछ खास फर्क नहीं पड़ेगा । लेकिन अगर कोई 40 साल का व्यक्ति को बड़ा नुकसान होता है तो वो डिप्रेशन में जा सकता है । इस समय क्रिप्टो की पूरी दुनिया मे सबसे ज्यादा निवेशक भारत में ही है यह संख्या 10 करोड़ से भी ज्यादा है । खास बात यह है कि इसमें 82 % जनता युवा है। -------







तो मेरा मानना यही है कि विद्यार्थी को निवेश जितना जल्दी हो उतना जल्दी शुरू करना चाहिए चाहे वो क्रिप्टो करेंसी हो या शेयर बाजार । ताकि वो समय से पहले पैसो की झंझट से छुटकारा पा ले। लेकिन बिना सीखे और रिसर्च किये निवेश न करे । --------------------------------

CrptoMentor
क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया

CRPTOMENTOR.COM

# भारत में क्रिप्टोकरेंसी का भविष्य कैसा है ?

पूरी दुनिया में कई देशों ने क्रिप्टोकरेंसी को रेगुलेट कर दिया है जैसे – जापान , यूनाइटेड किंगडम । अभी भारत में भी इसे रेगुलेट करने की तैयारी की जा रही है । क्रिप्टोकरेंसी में भारत के लोगो का कुल 6 लाख करोड़ से ज्यादा रुपये लगा हुआ है।





इंटरनेट की इस दुनिया में हमारा डाटा बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है, लेकिन यदि ब्लॉकचैन का सही उपयोग किया गया तो हम अपनी पर्सनल डाटा को भविष्य में सूरक्षित रख पाएंगे । मोदी सरकार ने IIT कानपुर में ब्लॉकचैन के जरिए डिजिटल डिग्री बाटीं। -----

MOTIVATION

जो अपनी कदमो की काबिलियत पर भरोसा रखते हैं,
वो ही अक्सर मंजिल पर पहुँचते है ।

CrptoMentor
क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया

# क्रिप्टोकरेंसी में निवेश किस एक्सचेंज में करे?

क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने के लिए आपको एक एक्सचेंज की जरूरत पड़ती है। ऐसे तो भारत में कई सारे एक्सचेंज है लेकिन अगर आप बिलकुल ही नये है तो आप सबसे आसान और सुरक्षित क्रिप्टो एक्सचेंज पर निवेश कर सकते हैं। --------

मैं ऊपर दिए गए इन तीनों एक्सचेंज का उपयोग करता हूँ , अगर आप नए निवेशक है तो CoinDCX का उपयोग कर सकते हैं जो नए लोगो के लिए सबसे अच्छा है। इसमे आप आसानी से किसी भी क्रिप्टो को खरीद या बेच सकते हैं। कुछ समय बाद जब आपको क्रिप्टो की भाषा समझ में आने लगे तो आप WazirX का उपयोग कर सकते हैं । क्योंकि ये इन दोनों के मुकाबले समझना थोड़ा जटिल होता है। ---------------------

# क्रिप्टो की महत्वपूर्ण शब्दजाल

**1.) Altcoin** - इसे Alternative Coin भी कहते हैं । बिटकॉइन के अलावा जितने भी कॉइन है उन्हें Altcoin कहते हैं। पहला altcoin 2011 में आया था। जैसे - Ethereum , Dogecoin , Litecoin

**2.) Bitcoin Halving** - जब पूरी दुनिया में 2 लाख 10 हजार बिटकॉइन माइन हो जाते हैं तो miner की फी आधी कर दी जाती है , इस प्रोसेस में लगभग 4 साल लग जाते हैं।

Ex - जब बिटकॉइन 2008 में लांच हुआ था तो उस समय माइनर को 50 बिटकॉइन मिलते थे , यह सिलसिला 2012 तक चला । उसके बाद यह 25 बिटकॉइन हो गया । अभी ये 6.25 बिटकॉइन है जो 2024 तक रहेगा।

# क्रिप्टो की महत्वपूर्ण शब्दजाल

---

**Public Key और Private Key - जब भी आप कोई क्रिप्टोकरेंसी खरीदते हैं तो आपको दो key मिलती है ।**

**3.) Public Key -** यह आपके ईमेल एड्रेस की तरह होती है जिसे आप किसी के साथ शेयर कर सकते हैं। इससे आप अपने क्रिप्टो किसी को भी भेज और मंगा सकते हैं।

**4.) Private Key -** यह अक्षरों और संख्या के रूप में होती है। इसे आपको गुप्त रखना होता है। जब तक आपका प्राइवेट की सुरक्षित है तब तक आपका क्रिप्टो भी सुरक्षित है। इसलिए इसे गुप्त रखे नही तो आप इसे खो देंगे।

5.) DeFi - इसे decentralized finance कहा जाता है। क्रिप्टो करेंसी में जितने भी financial Transaction होते हैं उनपर किसी का भी कंट्रोल नही होता है । लेकिन बैंक में होने वाले Transaction पर सरकार की नजर रहती है । इसपर ब्लॉकचैन के जरिए नजर रखी जाती है।

---

# क्रिप्टो की महत्वपूर्ण शब्दजाल

**6.) Decentralization** – जिनपर न ही सरकार , बैंक या किसी भी बड़ी संस्था का कॉन्ट्रोल नही होता है। इस पर किसी का भी कंट्रोल नही होता है। जैसे – क्रिप्टोकरेंसी








**7.) Mining** – अगर आप बिना पैसे खर्च किये पैसे कमाना चाहते हैं तो आप माइनिंग कर सकते हैं। माइनिंग करने के लिए आपको पावरफुल कंप्यूटर और बहुत अधिक मात्रा में बिजली की जरूरत पड़ती है। इसकी भी एक लिमिट होती है आप उससे ज्यादा बिटकॉइन माइन नही कर सकते।






# क्रिप्टो की महत्वपूर्ण शब्दजाल

**8.) Proof of work ( PoW ) -** PoW को माइन किया जा सकता है। इसमे माइनर ही किसी भी transaction को वेरीफाई करते है और उसे ब्लॉकचैन में जोड़ते हैं।

Ex - अगर मुझे राम को 2 बिटकॉइन भेजना है तो पहले माइनर चेक करते हैं कि मेरे पास 2 बिटकॉइन है भी या नही । इसे चेक करने के लिए माइनर को एक मुश्किल पजल सॉल्व करना होता है । और बदले में उन्हें बिटकॉइन मिलता है जिसकी कीमत अभी 36 लाख रुपये है ।




**9.) Proof of Stake ( PoS ) -** इसमे माइनर को ताकतवर कंप्यूटर और अधिक बिजली की जरूरत नही पड़ती है। इसमे माइनर को पूल के अंदर कुछ कॉइन stake करके रखने होते हैं, जो transaction को वेरीफाई करता है। इन्ही के बदले उन्हें कुछ reward मिलता है।

# क्रिप्टो की महत्वपूर्ण शब्दजाल

**10.) Limit Order -** इसका उपयोग खरीदने और बेचने के लिए किया जाता है। इसमे आप अपनी खरीदने या बेचने की कीमत सेट कर सकते हैं, जैसे ही कॉइन उस कीमत पर आती है तो वो अपने आप excute हो जाता है। अक्सर इसका इस्तेमाल जोखिम से बचने के लिए किया जाता है।






**11.) Ledger -** इसे हिन्दी में बही खाता कहा जाता है, जिसमे क्रिप्टो की दुनिया में कही भी होने वाले Transaction रिकॉर्ड को क्रिप्टो ग्राफी के सुरक्षित किया गया है।
इस लेजर को हैक करना लगभग असंभव है।



# क्रिप्टो की महत्वपूर्ण शब्दजाल

**12. ) Fork** - दुनिया की हर क्रिप्टो करेंसी ब्लॉकचैन टेक्नोलॉजी पर काम करती है और जब भी कोई कम्युनिटी ब्लॉकचैन के किसी भी नियम को बदलती है तो उसे Fork कहा जाता है।
जब ऐसा होता है तो दो तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं।

- Soft fork - इसमे पुराने नियम को अपडेट किया जाता है।
- Hard fork - इसमे बिल्कुल ही नए नियम बनाया जाता है।




**13.) HODLING** - शेयर बाजार में जब हम किसी शेयर को सालो तक रखते हैं तो उसे Holding कहा जाता है लेकिन क्रिप्टो में लंबे समय तक निवेश करने को HODLING कहा जाता है।




CRPTOMENTOR.COM

# 4000 करोड़ का दो पिज़्ज़ा के पीछे की कहानी

इसके पीछे की कहानी बहुत ही मजेदार है। ये कहानी 2010 की है जब एक बंदे ने जिसका नाम Laszlo Hanyecz था । उसने 26 डॉलर के 10,000 बिटकॉइन खरीदा , उस समय बिटकॉइन की कीमत काफी कम थी। एक दिन उसे बैठे बैठे पिज़्ज़ा खाने की सूझी, तो उसने इन्ही 10,000 बिटकॉइन के बदले दो पिज़्ज़ा खरीदा और खूब मजे से खाया। समय बीतता गया और बिटकॉइन की कीमत इतनी तेजी से बढ़ने लगी कि आज एक बिटकॉइन की कीमत 40 लाख के आस पास है। उस 10,000 बिटकॉइन की कीमत 4000 करोड़ हो चुकी है।






इसी दिन से हर साल 26 मई 2010 को बिटकॉइन पिज़्ज़ा डे मनाया जाता है। यह बिटकॉइन के बदले किसी वस्तु का पहला लेन देन था।

CrptoMentor
क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया

# क्रिप्टोकरेंसी से कितना पैसा कमाया जा सकता है?

इसका कोई सटीक जवाब नहीं है और नही कोई दे सकता है। आप यहाँ जितना जल्दी निवेश करेंगे आप लोगो से उतना ही आगे होंगे। यहाँ आपका बहुत ही छोटा - सा निवेश बहुत ही बड़ा बन सकता है। यह शेयर बाजार से बहुत ही ज्यादा उतार चढ़ाव वाला मार्केट है। इसमे आपको पैसा कमाने के लिए patience ( धैर्य ) की बहुत ही जरूरत पड़ेंगी।






क्रिप्टो मार्केट समय के साथ बढ़ता ही जा रहा है और इसका भविष्य भी काफी सुनहरा माना जा रहा है। यहाँ आपके 100 रुपये 1 लाख भी बन सकता है और 1 लाख रुपये 100 रुपये भी हो सकता है।

•जितना बड़ा रिस्क उतना बड़ा रिवॉर्ड •





# क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग के लिए ये शब्द जरूर जान ले ।

---

क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग बहुत ही ज्यादा जोखिम भरा होता है, अगर आप नए हैं तो भूलकर भी ट्रेडिंग न करे नही तो कुछ ही समय में अपना पूरा पैसा खो सकते हैं। इसमे आपको पैसा बनाने के लिए लंबे समय तक निवेश की जरूरत पड़ती है।

**1.) Day Trading –** एक दिन के अंदर खरीदने और बेचने को Day Trading कहते हैं। इसमे जोखिम बहुत ही ज्यादा होता है।

**2.)Scalping –** कुछ मिनटो के ट्रेडिंग करने को Scalping कहते हैं।





**3.) Position Trading –** किसी भी कॉइन को खरीदकर कुछ हफ़्तों के बाद बेचने पर इसे Position Trading कहा जाता है।

**4.) Swing Trading –** कॉइन खरीदकर कुछ दिन बाद बेचने को Swing Trading कहा जाता है।

---

CRPTOMENTOR.COM

# क्रिप्टोकरेंसी में फ्रॉड से कैसे बचें?

जैसे रास्ते पर चलते वक्त हमारा पैसा कभी भी चोरी हो सकता है, उसी तरह डिजिटल दुनिया मे आपके साथ फ्रॉड कभी भी किसी समय हो सकता है।एक रिपोर्ट के अनुसार oct 2020 में हैकरों ने नकली इलन मस्क बनकर लोगो के 14 करोड़ से ज्यादा रुपये उड़ा ले गया । इसमे करीब 7000 लोगो को चुना लगा था। इसीलिए क्रिप्टो के दुनिया में फ्रॉड से बचने के लिए आप कुछ निम्न उपायों को अपना सकते हैं : -




Δ. सबसे पहले आप एक तगड़ा सा पासवर्ड सेट करे और इसे गुप्त करे।

Δ. कोई अनजान मैसेज या ईमेल पर भूलकर भी क्लिक न करे , नही तो आप स्कैम के शिकार हो सकते है।




Δ. अधिकतर लोग 21 दिन पैसा डबल करने वाले स्कैम में फसते है ,तो ऐसे स्कैम से दूर रहे।

CrptoMentor

क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया

CRPTOMENTOR.COM

# किसी भी कॉइन की Case Study क्यों पढ़े?

किसी भी कॉइन की केस स्टडी पढ़ने से आपको उस कॉइन बारे में पूरी जानकारी मिल जाती है। जैसे - उस कॉइन का इतिहास कैसा था , वर्तमान कैसा है, वो काम क्या करता है , मार्केट में उसकी डिमांड कितनी है , उसकी कीमत किस कारण से बढ़ी, वो पॉपुलर क्यों और कैसे हुआ ,इस कॉइन ने अभी तक कितना प्रॉफिट दिया है , 1000 रुपये लगाए होते तो कितना हो गया होता,भविष्य में पैसा लगाना चाहिए या नही, उससे रिलेटेड सारे सवालों के जवाब भी मिल जाएंगे।

इसे पढ़ने में भी अत्यधिक आनंद आता है ।

अगर आप किसी भी कॉइन की case study पढ़ना चाहते है तो google पर सर्च कर सकते हैं crptomentor.com



इस वेबसाइट पर आपको क्रिप्टो करेंसी से रिलेटेड हर तरह की जानकारी मिलेगी अगर न मिले तो कमेंट कर सकते हैं। ताकि हर उस पर भी पोस्ट तैयार कर सके।

CrptoMentor
क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया

# भविष्य में आने वाले Ebook इन टॉपिक पर आएंगे |

---

1. ) अमीरी vs गरीबी
2.) क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने का फॉर्मूला
3.) 10 या उससे ज्यादा हैबिट जो आपको अपने लक्ष्य तक ले जाएंगे।
4.) क्रिप्टो करेंसी स्कैम कैसे होते हैं और कब होता है?
5.) आपकी राय के अनुसार बनेंगे कुछ कोर्स

Next Ebook - 21 फरवरी को आएगा।

ये सारे Ebook हमारे टेलीग्राम और वेबसाइट पर मिलेंगे तो इन्हें जॉइन जरूर कर ले।

---




# UniquE

अगर आपने ये Ebook पूरा पढ़ा है तो आप उन 10% लोगो मे से है जिसने इसे पूरा पढ़ा है, क्योंकि अगर ये ईबुक 100 लोगो को भेज जाता तो उनमे से 50 लोग इसे सिर्फ खोलकर देखते और 10 लोग ही इसे पूरा पढ़ते । तो इन्हें All the best कहना तो बनता है ना ।

## Motivation Only For 10%

इश्क कर लीजिये बेइंतेहा इन किताबों से,
एक यही हैं जो अपनी बातों से पल्टा नहीं करती।

CRPTOMENTOR.COM

# मौका - मौका



अगर आप इस Ebook को पूरा पढ़के अपनी राय हमारे youtube के किसी भी वीडियो पर या वेबसाइट पर कमेंट करते हैं तो हम आपको आने वाले कोर्स में 3 लोगो को फ़ोटो के साथ फीचर करेंगे । जिससे लोग आपसे inspire हो सके।

★ इन बातों का ध्यान रखें : -

- आपकी राय 50 शब्द से ज्यादा का होना चाहिए।
- यूनिक होना चाहिए।
- कम से कम 5 लोगो को ये Ebook शेयर किया गया हो , जो क्रिप्टो करेंसी के बारे मे सीखना चाहते हैं।

CrptoMentor
क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया

CRPTOMENTOR.COM



# SHARE

## इस Ebook को अपने 5 दोस्तों, भाई या बहनों को भेजने के लिए धन्यवाद ।




CrptoMentor

क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया